





# निर्माण कार्यों की धीमी गति पर कमिश्नर ने व्यक्त की नाराजगी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे हर घर जल मिशन के निर्माण कार्यों की सोमवार को जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर घर जल मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण कराएं।**



कमिश्नर ने निर्देश दिए कि हर घर जल मिशन का लाभ लोगों को मिलना चाहिए। संभाग अंतर्गत पन्ना सहित छतरपुर और दमोह जिले में हर घर जल मिशन के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया गया कि हर घर जल मिशन के निर्माण कार्यों को संबंधित विभाग के अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध जल मुहैया कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी सतत प्रयास करें और लोगों को स्वच्छ जल मुहैया कराएं। बैठक में कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध जल मुहैया कराने के लिए वे समय-समय पर पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं तथा लोगों को स्वच्छ और शुद्ध जल मुहैया हो, इसकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक में पानी की टंकियों की सफाई के लिए किए जा रहे कार्यों की जिलेवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी नलजल योजनाओं के अंतर्गत तैयार की गई पानी की टंकियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए।

इस दौरान कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकियों की साफ-सफाई की जिलेवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पन्ना एवं पवई सहित अन्य स्थानों में बनाई जा रही जल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा इन जल परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# जेके सीमेंट पन्ना ने किया अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। आज जेके सीमेंट पन्ना के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। यह टूर्नामेंट पन्ना के ऐतिहासिक नजर बाग स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जो 19 जनवरी से 26 जनवरी तक लगातार चलेगा।**




देश के विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभाशाली फुटबॉल टीमें इस प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखा रही हैं। इस अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम, माइंस हेड सुरेश बांद्रे, प्रोजेक्ट हेड मनोज मदान, एनएमडीसी पन्ना के मुख्य महाप्रबंधक आर राजा कुमार, जिला फुटबाल संघ पन्ना के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, जिला फुटबॉल संघ पन्ना के सचिव अमर बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार आदि उपस्थित रहे साथ ही जेके सीमेंट पन्ना के सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा, पराग त्रिपाठी पूरे आयोजन में साथ रहे। सीएसआर टीम से श्रीमति साधना गुप्ता, राकेश चैरसिया उपस्थित रहकर आयोजन व्यवस्था में रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल को अनुशासन, टीम भावना एवं आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया।

अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त जरिया भी है। उद्घाटन मुकाबले के दौरान नजर बाग स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा।

कंपनी की यह पहल खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और प्रेरणादायक जीवन शैली की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# भव्य कलश यात्रा के साथ हुई श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 19 जनवरी। इन दिनों पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम शिव पूजन, सुंदर कांड और श्रीमद भगवत कथा ज्ञान यज्ञ सहित आदि के आयोजनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।**

इसी कड़ी में कथा प्रवक्ता पुरुषोत्तम पीठाधीश्वर स्वामी श्री 1008 श्री प्रमोद बिहारी दास महाराज द्वारा क्षेत्र वासियों के सहयोग से श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है।

सोमवार को नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो गांधी चैक, झंडा बाजार, कन्या शाला से होते हुए माता कलेही देवी मंदिर परिसर में विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बैठकी हुई।

# यातायात व कोतवाली पुलिस ने मॉडल स्कूल के छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। पुलिस मुख्यालय पी0टी0आर0आई0 भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'' थीम पर दिनांक 01 जनवरी से दिनांक 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है।**

सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी व उनमें हो रही मृत्युदर में कमी लाया जाना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चैहान के दिशा निर्देशन में यातायात व कोतवाली पुलिस पन्ना के द्वारा मॉडल स्कूल के छात्र/ छात्राओ व शिक्षकगणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही तेजगति गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन




चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार है, इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। आमजन को इमरजेंसी केयर के विषय में भी बताया गया साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राहगीर योजना सें संबंधित बिस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल, ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने वाले व्यक्तियों को सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय द्वारा 25 हजार रुपए नगद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिए जाने के प्रावधान है एवं ऐसे राहवीर जो सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को त्वरित मदद पहुंचायेंगे उनमें से 10 लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्रदाय किये जायेंगे जिसमें चयनित राहवीर को 01 लाख की नगद राशि प्रदाय की जायेगी। इस राहवीर योजना के कारण जहां सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति का त्वरित उपचार संभव हो सकेगा वहीं नव युवा एवं आम आदमी पीड़ित की मदद के लिए आगे आयेंगे जिससे सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्युदर में कमी परिलक्षित होगी। करीब डेढ़ घंटे चले प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र के अंत में 350 छात्र/ छात्राओ को कार्यक्रम के अंत में यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में शपथ दिलाई गयी जाकर कार्यक्रम समापन किया गया।

# सलेहा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। वन स्टॉप सेंटर पन्ना के तत्वाधान में सोमवार को शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में सखी केन्द्र के जरिए मिलने वाली सेवाओं तथा विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्राचार्य हरिराम शर्मा के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेंटर प्रशासक कविता पाण्डेय एवं आउटरीच वर्कर दिवाकर चैबे द्वारा छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी, सारगर्भित विभिन्न जानकारी व योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में अवगत करवाया गया। साइबर क्राइम से बचाव, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह के नुकसान एवं इसकी रोकथाम इत्यादि के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रश्नोत्तरी श्रृंखला में जिज्ञासाओं का समाधान कर पुरूस्कार भी वितरित किए गए। इस दौरान प्रधान आरक्षक विपिन पाण्डेय एवं महिला आरक्षक प्रियंका सिंह सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आदिवासियों की जमीन फर्जीवाड़े मामले में एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। आज पन्ना पुलिस ने एसडीओपी पन्ना एसपीएस बघेल के नेतृत्व मे आदिवासी महिलाओं की जमीन फर्जीवाड़े मामले मे सहयोगी रहे अधिवक्ता रामलखन त्रिपाठी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया है जहां उन्हें जेल भेज दिया गया है।**

ज्ञात हो कि उक्त जमीन फर्जीवाड़े एवं धोखाधड़ी मामले में कांग्रेस नेता श्रीकांत उर्फ पप्पू दीक्षित पूर्व से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिये गये थे। जिसमें एक अन्य आरोपी अनुपम त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी की भी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस की इस कार्यवाही की पूरे नगर मे सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया ब्रह्मा बाबा का 57 वां स्मृति दिवस

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। आज प्रातः काल से ही योग एवं मौन साधना के द्वारा विश्व शांति दिवस का आरंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए भाई बहनों ने सामूहिक रूप से योग साधना की, एवं ब्रह्मा बाबा के बताए हुए आदर्श पर चलने का लिया संकल्प, ब्रह्माकुमारी बहन जी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा का जीवन बहुत सात्विक एवं दिव्य गुण मूरत था।**



भक्ति भावना और नियम के पक्के थे, सिंध हैदराबाद में जन्मे दादा लेखराज का जन्म 15 दिसंबर 1876 को एक साधारण परिवार में हुआ दादा लेखराज अपनी विशेष बौद्धिक प्रतिभा, व्यापारिक कुशलता, व्यावहारिक शिष्टता, अथक परिश्रम सरल स्वभाव के बल पर सफल प्रसिद्ध जवाहरी बने। बाबा में बचपन से ही भक्ति भाव के संस्कार थे विपुल धन संपदा और मान प्रतिष्ठा पाकर भी उनके स्वभाव में नम्रता मधुरता और परोपकार की भावना बनी रहे उन्हें परम सत्य की तलाश थी अचानक एक दिन सन् 1936 में जब उन्हें ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव का दिव्य साक्षात्कार हुआ, उनमें दिव्य परिवर्तन आया जब परमात्मा शिव की उनके तन में प्रवेशता हुई तो उन्होंने अपना सब कुछ तन, मन, धन विश्व कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

सन् 1969 में 18 जनवरी को पिता श्री ब्रह्मा बाबा ने दैहिक कलेवर का परित्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया उनके अव्यक्त सहयोग से ईश्वरीय सेवा मे पहले से और अधिक विस्तार हुआ विश्व भर में आज 140 देश में फैल चुकी है।

# पुलिस ने पकड़े रेत से भरे सात ट्रैक्टर, खड़े करवाए थाना परिसर में

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 19 जनवरी। अजयगढ़ से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में ट्रैक्टर रेत लेकर जिला मुख्यालय की ओर दौड़ते हैं बहुत दिनों बाद कल रात को अजयगढ़ पुलिस प्रशासन हरकत में आया और उन्होंने थाने के सामने से निकलने वाले सात ट्रैक्टरों को पकड़ कर थाना परिसर में खड़ा करवाया है।**



क्षमता से अधिक रेत भरे हैं जिससे रेत से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही भी कुछ कम हुई यह ट्रैक्टर वाले बड़ी-बड़ी ट्राली बनाकर क्षमता से अधिक भर के शहर एवं घाटियों से चढ़ते फर्राटे भरते भागते हैं इनके पास एक टोकन होता है जो रेत भरने की जगह से जिला मुख्यालय तक मान्य रहता है।

प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस ने कभी यह जानने की कोशिश नहीं की की यह टोकन पूरी तरह से परमिट का काम करता है और यह टोकन किसकी अर्थॉरिटी से एक सादे कागज में दिया जाता है। क्या अजयगढ़ पुलिस स्थानीय प्रशासन रेत से भरे ट्रैक्टर पर कार्यवाही निरंतर करता रहेगा या ट्रैक्टर वालों पर दबाव बनाने के लिए चंद्र ट्रैक्टर पकड़ लिए जबकि प्रतिदिन सैकड़ा भर से अधिक ट्रैक्टर अजयगढ़ से जिला मुख्यालय पहुंचे हैं।




# संकल्प से समाधान अभियान में अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर तय समयावधि में करें निराकरण : परमार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक के अवसर पर विभागीय अधिकारियों को आगामी 31 मार्च तक चरणवार संचालित होने वाले संकल्प से समाधान अभियान में सभी चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों को संबंधित विभाग की योजना और सेवाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए हैं।**

इसके अलावा फ्लैक्स एवं दीवार लेखन सहित विभिन्न माध्यमों से अभियान का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर अधिकाधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने और तय समयावधि में इनके निराकरण के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में गठित दल को योजनाओं के बारे में अवगत कराने सहित समग्र आईडी एवं अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में लगने वाले दस्तावेजों के संबंध में अवगत कराने के लिए कहा। इस दौरान उपस्थित एवं वर्चुअल जुड़े राजस्व अधिकारियों से भी नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों में अपेक्षित कार्रवाई कर समय सीमा में प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान शासन का महत्वाकांक्षी अभियान है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को हितग्राहियों के आवेदन प्राप्ति के संबंध में निर्देश जारी करने तथा आवेदनों की तत्काल फीडिंग के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय निकाय के अधिकारियों को सतत भ्रमण के माध्यम से मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के प्रभावी निराकरण तथा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी आवश्यक चर्चा की गई। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने, नगरीय क्षेत्रों में अभियान के तौर पर बेहतर सफाई व्यवस्था आदि के संबंध में भी निर्देशित करते हुए जिला संयोजक को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित ग्रामों में विकास कार्यों के लिए विभागों से जरूरी समन्वय तथा महाप्रबंधक उद्योग को विभागीय रोजगारमूलक योजनाओं एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए एक सप्ताह में आवश्यक बैठक कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# कृषकों के लिए 24 एवं 25 को पन्ना एवं पवई में लगेंगे शिविर

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। भारत सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम ब योजनांतर्गत सिंचाई कार्य के लिए ऑफ ग्रिड सोलर पम्प स्थापना का कार्य किया जाना है। इस योजना में कृषकों द्वारा लगभग 10 प्रतिशत अंशदान देने पर 30 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान और 60 प्रतिशत कृषक ऋण के रूप में लिए जाने का प्रावधान है।**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को कृषक ऋण उपलब्ध कराने के लिए नोडल बैंक चयनित किया गया है। चयनित वेंडर द्वारा योजना के तहत पम्प स्थापना का कार्य शुरू करने के पूर्व ऋण स्वीकृति आवश्यक है, जिसके तहत कलेक्टर ऊषा परमार ने कृषक प्रोत्साहन तथा जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से समिति का गठन कर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके अलावा 24 एवं 25 जनवरी को आयोजित शिविरों में म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, ऊर्जा विकास निगम के प्रभारी को शिविर स्थल पर वेंडरों को पहुंचाकर एआईएफ का कार्य पूर्ण करवाने, उप संचालक कृषि को चयनित हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर स्थल तक पहुंचाने, जिला लीड बैंक प्रबंधक को सेंट्रल बैंक के कर्मचारी की शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक को चयनित हितग्राहियों के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान कर खाता खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम शिविर जिला पंचायत पन्ना में पन्ना, अजयगढ़ एवं गुनौर विकासखण्ड का लगेगा तथा द्वितीय शिविर जनपद पंचायत पवई में पवई एवं शाहनगर ब्लॉक का सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लगाया जाएगा।

गठित समिति द्वारा कुसुम ब के राज्य पोर्टल से एआईएफ का आवेदन ऑनलाइन जमा करने, नोडल बैंक में कृषक खाता खुलवाने तथा डिजिटल माध्यम से बैंक लोन स्वीकृति संबंधी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को शिविर में निर्धारित गतिविधियों के लिए चयनित हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने सहित किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण एवं वांछित कार्रवाई पूर्ण करवाकर योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# नए नाम जुड़वाने के लिए अब तक प्राप्त हुए 11 हजार आवेदन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम शामिल करने की प्रक्रिया संचालित है।**

इसके लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। एक जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सहित किन्हीं कारणोंवश अब तक छूटे हुए मतदाता भी सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसआईआर प्रक्रिया के तहत गत 23 दिसम्बर को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत पन्ना जिले में 19 जनवरी तक कुल 11 हजार 451 आवेदन मतदाता सूची में नवीन नाम जोड़ने के लिए प्राप्त हुए हैं। पवई विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 4510 आवेदन तथा गुनौर एवं पन्ना विधानसभा से क्रमशः 2952 एवं 3989 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। पन्ना जिले में बीएलओ द्वारा नाम निरसन के लिए फॉर्म 7 में कुल 1048 व संशोधन एवं शिफ्टिंग के लिए फॉर्म 8 में कुल 4006 आवेदन भी प्राप्त किए गए।

# उत्तर पन्ना वन मंडल में अनुभूति शिविर का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 19 जनवरी। मध्यप्रदेश वन विभाग की महत्वाकांक्षी एवं फ्लैगशिप योजना 'अनुभूति' के अंतर्गत 19 जनवरी 2026 को 'उत्तर पन्ना वन मंडल' में एक दिवसीय, शैक्षणिक शिविरो का सफल आयोजन डीएफओ उत्तर वन मण्डल धीरेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन मे किया गया।**

यह शिविर 'लक्ष्मीपुर, वन परिक्षेत्र पन्ना' में आयोजित हुये, जिसमें 'शिविर में शासकीय आर0पी0 उत्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना के कुल '107 विद्यार्थियों' ने भाग लिया।






अनुभूति योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर उन्हें प्राकृतिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करना तथा वनों, वन्यजीवों और जैव विविधता के प्रति जागरूक बनाना है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 107 विद्यार्थियों के एक बैच को वन क्षेत्र में लाया जाता है, जहाँ वे वन विभाग के अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स एवं अपने शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखते हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों के लिए 'बर्ड वॉचिंग' एवं 'नेचर ट्रेल' जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनसे छात्र/छात्राओं ने विभिन्न पौधों, पक्षियों और वन पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही 'पर्यावरण आधारित क्विज प्रतियोगिता, ''रोचक खेल' तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों ने छात्रों में उत्साह और जिज्ञासा को और बढ़ाया। विद्यार्थियों के लिए 'नाश्ता एवं दोपहर के भोजन' की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में धीरेन्द्र प्रताप सिंह' 'वन मंडलाधिकारी वन मण्डल उत्तर पन्ना एवं अंशुल तिवारी उप वनमण्डलाधिकारी विश्रामगंज, कृष्णा मरावी उप वनमण्डलाधिकारी पन्ना, जनप्रतिनिधि नीलम राय सरपंच ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर एवं अजय बाजपेयी वन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना, नितिन राजोरिया' वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज की उपस्थिति रही।

अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर वनों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर प्रकाश डाला। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, वनरक्षक एवं मास्टर ट्रेनर संदीप यादव, तथा परिक्षेत्र सहायक देवेन्द्र सिंह, राजीव कुमार वर्मा, पंकज प्रकाश कुशवाहा रहे।